उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

**कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023**
**चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की प्रक्रिया**

संख्याः पीआरपीबी–बी(कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–15/2025(पार्ट फाइल), दिनांकः दिसम्बर, 15 2025

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–2(प्रोग्रामर ग्रेड–2/कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–2023, दिनांक 29.12.2023 को प्रख्यापित की गयी है। यह भर्ती ''उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली 2011'' यथासंशोधित उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा प्रथम (संशोधन) नियमावली 2015 के अधीन सम्पन्न की जा रही है।

2– कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

3– ''उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली 2011'' यथासंशोधित उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा प्रथम (संशोधन) नियमावली 2015 के नियम 15 का उप नियम–3 में निम्नानुसार अभिलिखित हैः–

उप नियम 3
कम्प्यूटर टंकण परीक्षा (अर्हकारी)

कम्प्यूटर टंकण परीक्षा अर्हकारी परीक्षा होगी। कम्प्यूटर टंकण की गति **हिन्दी में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट** होनी आवश्यक है। पूर्वोक्त गति के साथ 85 प्रतिशत की शुद्धता पर अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया जाएगा। हिन्दी टंकण **यूनीकोड इन्स्क्रिप्ट की–बोर्ड पर आधारित होगा।**

4– उपरोक्त प्रावधानों के आलोक में अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगीः–

कम्प्यूटर टंकण परीक्षा

| टंकण की भाषा | गति | टंकण हेतु निर्धारित समय | टंकण के लिये दिये गये कुल शब्द (लगभग) | शुद्धता का प्रतिशत | दो परीक्षाओं के मध्य अन्तराल |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी टंकण | 30 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 500 | 85 प्रतिशत | अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा के मध्य का अन्तराल 10 मिनट |
| हिन्दी टंकण | 25 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 400 | 85 प्रतिशत | |

5– अशुद्धियों का चिन्हांकन तथा शुद्धता का निर्धारणः–

## NATURE OF MISTAKES

A. **Full Mistakes**: The following errors are treated as full mistakes: -

i. For every omission of a word/figure.
ii. For every substitution of a wrong word/figure, except transposition of words.
iii. For every addition of a word/figure not found in the passage.
iv. For every spelling error committed by way of repetition, or addition, or omission, or substitution of letter/letters, e.g. the word 'spelling' typed as seeplings; seplling; speling; seepling; spelling etc.
v. For repetition of word/figure, e.g. 'I shall shall be grateful......
vi. Incomplete words (half type words will be treated as mistake).

B. **Half Mistake:** The following errors are treated as half mistakes: -

I Spacing Errors: Where no space is provided between two words, e.g. 'Ihope',or undesired space is provided between the words or letters of a word e.g. 'I have', 'I h ave' (space left between a word).
Ii Wrong Capitalisation: Wrong typing of a capital letter for small letter or vice-versa.
(This does not apply in respect of Hindi Typewriting scripts)
Iii Punctuation Errors: Where the punctuation marks is omitted or added or substituted by another.
Iv Transposition Errors: Where words are transposed, e.g. the words 'I hope' typed as 'hope I'
V Paragraphic Errors: Half Mistake shall be treated for each irrational para, where the space given before starting of any paragraph is not uniform, i.e paragraph given manual spaces; without pressing the **Tab Key,** will be treated half-mistake.

**(ii)** टंकण गति एवं त्रुटि का आंकलन करके शुद्धता का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगाः–

शुद्धता = $\frac{\text{अभ्यर्थी द्वारा टंकित शुद्ध शब्दों की संख्या} \times 100}{\text{दिए गए गद्यांश के कुल शब्दों की संख्या}}$

टंकण गति = $\frac{\text{अभ्यर्थी द्वारा टंकित कुल शब्द}}{\text{अभ्यर्थी द्वारा प्रयुक्त समय}}$

6– कम्प्यूटर पर टंकण के लिये परीक्षा केन्द्र/स्थान पर बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को स्वयं का की-बोर्ड लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा का आयोजन बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्रों में कराया जायेगा।

7— यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in** का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदान की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।